तापमान
अधिकतम 27.6 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

10 धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने प्रदर्शन

12 खेल भावना के साथ मैदान में उतरे कॉलेज स्टूडेंट




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.

**खबर संक्षेप**

### मकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि न्यू कृष्णा नगर वार्ड 8 सुपेला निवासी दलवीर कौर के मकान में 23 नवंबर को चोरी की शिकायत मिली थी। दलवीर अपनी मां सुमित्रा के साथ घरेलू सामान लेने बाजार गई थी। ताला लगाकर चाबी खिड़की में रख कर गई थी। जब वो वापस लौटी तो देखा कि ताला टूटा पड़ा है। मकान का सारा सामान बिखरा है। लोहे की अलमारी भी टूटी है। अज्ञात ने जेवरात और 10 हजार रुपए नगद चोरी कर लिया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने न्यू कृष्णा नगर निवासी बलवंत सिंह उर्फ बबलू को पकड़ा और पूछताछ की तो उसने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर सोने का लॉकेट और लोहे का रॉड जब्त किया गया।

### जिला शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में खुलासा

# देरी से स्कूल पहुंच रहे शिक्षक कक्षा के अनुरूप पढ़ाई भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के देरी से पहुंचने का सिलसिला जारी है। कक्षा स्तर के हिसाब से शिक्षक पढ़ाई भी नहीं करवा रहे हैं। इसका खुलासा मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के औचक निरीक्षण में हुआ। उन्होंने दुर्ग विकासखण्ड की विभिन्न शालाओं का निरीक्षण किया तो चौकाने वाली सच्चाई सामने आई।

शासकीय उच्चतर माध्यिक शाला कोड़यिा में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राएं परीक्षा उपरांत विद्यालय से अनुपस्थित पाये गए। प्रार्थना में अधिकांश छात्र-छात्राएं उपस्थित नहीं थे। यहां शिक्षक देरी से शाला पहुंचे।



#### सेजस बोरसी में स्टॉफ बैठा मिला

प्राथमिक माध्यमिक सेजेस बोरसी के निरीक्षण दौरान प्राथमिक शाला के विद्यार्थी शाला समय पर घर जाते मिले। वहीं अध्यापक स्टाफ रूम में बैठे मिले। जिससे संस्था प्रमुख का छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ पर नियंत्रण नहीं पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यशैली में सुधार के साथ पदीय दायित्व का पालन के साथ विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिये गये।

#### कोड़िया में कक्षा अनुरूप ज्ञान नहीं बच्चों में

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोड़यिा में कक्षानुरूप स्तरीय ज्ञान का अभाव पाये जाने पर छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ अध्यापन कराये जाने के निर्देश दिये गये। शासकीय प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री/सरदार वल्लभ भाई पटेल शनिचरी बाजार दुर्ग के निरीक्षण दौरान कक्षानुरूप अध्यापन कार्य नही मिला। शासकीय प्राथमिक शाला हनोदा के निरीक्षण दौरान सभी शिक्षक स्टाफ रूम में बैठे पाये गये तथा छात्र-छात्राएं इर्द-गिर्द घूमते पाये गये। विद्यालय रोड से लगा होने के कारण छात्र-छात्राओं पर निगरानी रखने के निर्देश दिये गये तथा 31 दिसम्बर तक प्राथमिक वर्ग में कक्षा स्तरीय ज्ञान कराये जाने, विद्यालय में स्वच्छता का अभाव पाये जाने पर स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये गये हैं।

## मकान में चोरी करने वाले और जेवरात खरीदने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों और चोरी के जेवरात गिरवी रखने वाले संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी सन्नी साहू के परिजन बाजार गए थे। मौका पाते ही अज्ञात ने मकान के सारे जेवरात समेत नगदी पार कर फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर संदेही ग्राम संबलपुर थाना डोंगरगढ़ निवासी सुरेश साहू को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर बताया कि मकान से जेवरात, नगदी दोस्त पुरानी बस्ती मंगल मार्केट कोहका खिलेश्वर देशमुख के साथ मिलकर सामान पार किया। चोरी कर जेवरात को पावर हाउस स्थित ज्वेलर्स सतीश ठोसर के यहां गिरवी रखा था। पुलिस ने ठोसर को भी गिरफ्तार किया है।

- जामुल पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

#### चोरी की रकम से लगाया जुए में दांव

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चोरी के जेवरात गिरवी करने से जो रकम उसे मिली उसे वह जुआ में हार गया। तीनों आरोपियों को पुलिस ने न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा है।

## पाचवीं बार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष बने प्रीतपाल बेलचंदन



दुर्ग। भाजपा सरकार ने वरिष्ठ भाजपा नेता और चार बार के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष रह चुके प्रीतपाल बेलचंदन को फिर से पाचवीं बार अध्यक्ष बनाया है। बेलचंदन ने सहकारिता के क्षेत्र में दुर्ग जिले को प्रदेश स्तर पर नई पहचान दी है। उनकी उपलब्धिभरे कार्यकाल की वजह से अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। कांग्रेस सरकार आई तो अध्यक्ष पद से उन्हे हटाया गया।









## खबर संक्षेप

### भिलाईनगर विधानसभा के लिए राशि स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत 5 विकास कार्यों के लिए 23 लाख 48 हजार 274 रूपए की स्वीकृत दी है। विधानसभा भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार भिलाई नगर वार्ड क्र. 63 सड़क नंबर 67 एवं 68 के मध्य सेक्टर 6 भिलाई में सार्वजनिक डोम शेड कार्य किये जाने हेतु फेस 1 कार्य फाउण्डेशन कार्य एवं टाईल्सयुक्त मंच निर्माण के लिए 9 लाख 99 हजार 24 रूपए, सेक्टर-06 भिलाई में बाके बिहारी डोम शेड के पास 01 नग बोर खनन एवं सार्वजनिक महिला/पुरूष शौचालय निर्माण के लिए 02 लाख 50 हजार रूपए, सार्वजनिक दुर्गोत्सव जेपी सीमेंट रोड सड़क नं. 3, सेक्टर-5 भिलाई के पास 1 नग बोर खनन कार्य के लिए 99 हजार 413 रूपए, वार्ड क्र. 48, जोन 03, खुर्सीपार के पास पम्प हाउस मैदान में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण, शेड निर्माण, चेनलिंग फेंसिंग कार्य एवं कक्ष निर्माण कार्य के लिए 06 लाख रूपए और सेक्टर-07 भिलाई कूर्मि भवन के समीप सार्वजनिक डोम शेड का विस्तारीकरण एवं संधारण कार्य के लिए 3 लाख 99 हजार 837 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### वैशाली नगर के लिए 70 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत विकास कार्य के लिए 70 लाख रूपए की स्वीकृत दी है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वैशाली नगर की लाल मैदान पावर हाउस में सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 70 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### तेखन बने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी के युवा कार्यकर्ता लगातार संगठन में सक्रिय तेखन सिन्हा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्याप्त किया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद जिला कार्यालय में आगमन के पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तेखन सिन्हा बधाई दी। इस मौके पर जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, हर्षा चंद्राकर, सुश्री सरिता मिश्रा, अशोक राठी, राजीव पांडेय, मंत्री गायत्री वर्मा, गिरेश साहू, हिमा साहू, शैलेंद्र शैंडे, शैलेंद्री मांडवी, ओमप्रकाश सेन, ध्रुव सचदेव, सैयद आसिफ अली, राहुल पंडित, दिनेश देवांगन, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया आदि मौजूद रहे।

# शिवमहापुराण कथा आज से, कथा स्थल जाने के लिए इस मार्ग का करें प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पांच दिवसीय नगपुरा में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. श्री प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा 17 से 21 दिसंबर तक आयोजित है। इसे लेकर लाखो की भीड़ को देखते हुये ट्रैफिक पुलिस दुर्ग श्रद्धालुओं के सुगमता व सुरक्षित ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, खैरागढ़ की ओर से कथा स्थल तक आने-जाने के लिए मार्ग,पार्किंग एवं डायवर्सन प्लान तैयार किया है। एएसपी ट्रैफिक रिचा मिश्रा ने बताया कि जिसमें रायपुर, चरोदा एवं भिलाई, चीखली की ओर से आने वाले वाहन चालक कुम्हारी, गुरुद्वारा चौक, आरोग्यम अस्पताल से नीचे (बाईपास मार्ग), धमधा रोड, चिखली चौक बाजार चौक नगपुरा, बिजली सब स्टेशन के आगे (पार्किंग) कथा स्थल (पैदल), बेमेतरा, धमधा दुर्ग की ओर से आने वाले बेमेतरा, धमधा, चिखली चौक, बजार चौक नगपुरा, बिजली सब स्टेशन के आगे (पार्किंग) कथा स्थल (पैदल), दुर्ग शहर की ओर से आने वाले गंजपारा तिराहा, नयापारा, कोटनी बजार चौक नगपुरा, बिजली सब स्टेशन के आगे (पार्किंग) कथा स्थल (पैदल), राजनांदगाव, पटेवा, घुमका राजनांदगाव, घुमका, पटेवा, बोरई, डीके फर्नीचर के पीछे पार्किंग कथा स्थल, खैरागढ़ जालबाधा खैरागढ़, जालबांधा, नगपुरा चौक के पहले दाये और पार्किंग कथा स्थल, बालोद राजनांदगाव बालोद राजनांदगाव, महमरा मोड़, रसमड़ा रेलवे अंडर ब्रिज गनियरी, नगपुरा चौकी के पीछे पार्किंग कथा स्थल में बनाया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की कथा आज



### पांच दिवसीय शिव महापुराण के लिए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था

कथा स्थल की सुरक्षा के लिए पुलिस ने सीसीटीवी, ड्रोन कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की है। इसके अलावा 30 राजपत्रित अधिकारी और 450 पुलिस कर्मियों की सुरक्षा ड्यूटी लगाई गई है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने खुद मौके पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने असामाजिक तत्व और चोरों पर पुलिस की पैनी नजर होगी। इसके अलावा कथास्थल में पुलिस जवान सिविल ड्रेस में तैनात होंगे। कार्यक्रम के एक दिन पहले एसएसपी ने जवानों का रिहर्सल भी कराया गया।



### वीवीआईपी के लिए अलग से ट्रैफिक व्यवस्था

कथा के दौरान आने वाले वीआईपी और वीवीआईपी के लिए अलग से ट्रैफिक व्यवस्था की गई है। सभी वीवीआईपी वाहन बाईपास मार्ग से पिपरछेड़ी से होते हुए नगपुरा चौकी के बाद बाईं ओर कटिंग से कथा स्थल के पीछे पार्किंग तक पहुंचेंगे। कथा के दौरान पूरे क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## युक्तियुक्तकरण : स्कूल शिक्षा मंत्री यादव द्वारा कार्रवाई के निर्देश

# 193 शिक्षकों के अभ्यावेदन हुए अमान्य ज्वाइनिंग के लिए तीन दिन की मोहलत

## जेडी ने सभी जिलों के डीईओ से मांगी आनन-फानन में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव युक्तियुक्तकरण के अभ्यावेदन अमान्य होने के बाद भी शिक्षकों द्वारा ज्वाइनिंग नहीं किए जाने से खफा हैं। इसलिए युक्तियुक्तकरण की सुनवाई पूरी हुए महीना बीत गया है। दसवी - बारहवीं बोर्ड की परीक्षा फरवरी में है। प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में कोर्स अधूरा है। मौजूदा हालात से निपटने के लिए शिक्षा मंत्री ने हाल ही में दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक लेकर जिला शिक्षा अधिकारियों को ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इस निर्देश के बाद दुर्ग संभागीय शिक्षा संयुक्त संचालक ने दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कवर्धा, मानपुर मोहला-चौकी जिले के डीईओ से ज्वाइनिंग नहीं करने वाले शिक्षकों का ब्योरा मांगा है।

### ज्वाइनिंग नहीं होने से शिक्षा पर ऐसा असर

**केस 1**

#### तिमाही का रिजल्ट खराब

युक्तियुक्तकरण के प्रकरण अमान्य होने के बाद भी शिक्षकों के ज्वाइनिंग नहीं दिया है। प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में हाल ही में अर्द्धवार्षिक परीक्षा हुई है। तिमाही परीक्षा का रिजल्ट अच्छा नहीं रहा। इसकी वजह कई स्कूलों में शिक्षकों के नहीं होने की वजह से पढ़ाई नहीं हो पाई। परीक्षा की तैयारी नहीं करवा पाए।

**केस 2**

#### 188 स्कूल डी ग्रेड में

दुर्ग जिले में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान भी चल रहा है। रिपोर्ट आई तो 188 स्कूल डी ग्रेड वाले निकले। जिसमें 66 प्राइमरी, 80 मिडिल, 19 हाई स्कूल और 23 स्कूल हायर सेकंडरी के हैं। इन स्कूलों को अपग्रेड करने के लिए शिक्षा विभाग ने कार्ययोजना बनाई है लेकिन टीचरों की कमी से यह कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

**केस 3**

#### बोर्ड परीक्षा फरवरी में

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस बार दसवी और बारहवीं की वार्षिक परीक्षा फरवरी में आयोजित किया जा रहा है। इसके पहले यह परीक्षा मार्च में होती रही है। इस निर्णय की वजह से हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में प्रेक्टिल पूरा करवाने और कोर्स पूरा करने का दबाव है। हाल यह है कि महज 70 प्रतिशत कोर्स ही पूरे हो पाए हैं।

**केस 4**

#### मॉडल शिक्षा का लक्ष्य अधूरा

दुर्ग जिले को शिक्षा का मॉडल जिला बनाने के निर्देश मिले हैं। इसके लिए राज्य स्तर पर अधिकारियों ने दुर्ग जिले को कार्ययोजना दी है। शिक्षकों की कमी के चलते मॉडल शिक्षा जिला की योजना मैदानी स्तर पर अमल में लाना एक चुनौती जैसा हो गया है। राज्य स्तर से लेकर जिला स्तर पर अधिकारियों की बैठकें हो रही है लेकिन धरातल पर स्थिति विकट है।

### छह महीने हो गए ज्वाइनिंग नहीं दी

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया की शुरूआत जुलाई महीने से हुई। इस तरह अब तक छह महीने हो गए हैं। लेकिन अभ्यावेदन प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों ने स्कूलों में ज्वाइनिंग नहीं दी है।। युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूलों और अध्ययनरत बच्चों के तय अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापना हो दुरूस्त किया गया। यानी अतिशेष की गणना की गई। अतिशेष शिक्षकों को जिले के रिक्त पद नहीं मिलने पर दूसरे जिले में भेजने का आदेश हुआ। शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण में विसंगति बताई और हाईकोर्ट में याचिका दायर किया गया। याचिका में कहा गया कि बिना दावा आपत्ति लिए जिला शिक्षा विभाग ने उन्हे दीगर जिले में भेज दिया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में कलेक्टर को निर्देश जारी किया कि वे इन प्रकरणों की सुनवाई जिला स्तर पर करें। जिला स्तर से प्रकरण संभाग में आया। संभाग में 207 शिक्षकों के अभ्यावेदन आए थे। जिसकी सुनवाई के बाद 13 प्रकरणों को मान्य किया गया। शेष 193 प्रकरण अमान्य किए गए हैं।

### दुर्ग जिले से दूसरे जिले भेजे गए शिक्षक

मीरा यादव शिक्षक एलबी हिन्दी, कंचनलता पाटिल शिक्षक कला कुरूद भिलाई, संगीता निर्मलकर शिक्षक एलबी खेदामारा, मातंग सिंह साहू शिक्षक गणित महुदा पाटन, युवराज सिंह बेलचंदन शिक्षक गणित निकुम दुर्ग, गीता बारमासे शिक्षक कला ननकट्टी दुर्ग, मैरूननिशा शिक्षक विज्ञान पोटियाकला दुर्ग।

### संभाग स्तरीय सुनवाई तिथिवार

| तिथि | प्रकरण | मान्य | अमान्य |
|---|---|---|---|
| 17 जुलाई | 40 | 03 | 37 |
| 25 जुलाई | 50 | 01 | 49 |
| 30 जुलाई | 51 | 06 | 45 |
| 25 अगस्त | 57 | 03 | 54 |
| 3 अक्टूबर | 08 | 00 | 08 |
| 30 अक्टूबर | 01 | 00 | 01 |
| कुल | 207 | 13 | 193 |

### तीन दिन की मोहलत

युक्तियुक्तकरण की सुनवाई पूरी कर ली गई है। मान्य व अमान्य की सूचना भी दे दी गई है। जिन शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं दिया है स्कूली शिक्षा मंत्री के निर्देश के बाद हमने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से ब्योरा मांगा है। 50 शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं दी है। उन्हें तीन दिन की मोहलत दी गई है। उसके बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-आरएल ठाकुर,** संयुक्त शिक्षा संचालक , दुर्ग संभाग

# कृषि केंद्र में छापा, एग्री बुस्टर में मिली अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विकासखंड दुर्ग अंतर्गत निजी कृषि आदान विक्रय प्रतिष्ठान डर्की मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड आनंद नगर धनौरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण संभागीय कार्यालय से सहायक संचालक कृषि हेमंत बघेल, जिला कार्यालय से सहायक संचालक कृषि सुचित्रा दरबारी, उर्वरक निरीक्षक नवीन खोब्रगढ़े एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

- निर्धारित स्टॉक से ज्यादा का भंडारण भी मिला

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में एग्री बुस्टर का भंडारण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। जिसकी जब्त मात्रा लगभग 8889 लीटर राशि लगभग 26.67 लाख रूपए की अनुमानित कीमत आंकी गई। दस्तावेजों की जांच करने पर स्टॉक एवं विक्रय से संबंधित अभिलेखों में अनियमितता पाई गई। उपलब्ध इनवॉयस एवं स्टॉक विवरण के अनुसार कुल भंडारण एवं विक्रय में अंतर पाया गया, जिसके संबंध में प्रतिष्ठान द्वारा संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

जांच के दौरान एग्री बूस्टर की कुल बोतलों का मिलान किया गया, जिसमें निर्धारित अवधि में विक्रय एवं शेष स्टॉक में विसंगति पाई गई। प्रथम दृष्टया नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित सामग्री को जब्त करते हुए आवश्यक प्रावधानानुसार कार्रवाई की गई। साथ ही नमूना परीक्षण के लिए संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजा गया है। कृषि विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसानों को गुणवत्तायुक्त एवं मानक अनुसार कृषि आदान उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

## एबीवीपी का अधिवेशन 19 से

भिलाई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ प्रदेश का 58वां प्रदेश अधिवेशन दिनांक 19, 20 एवं 21 दिसंबर 2025 को सेक्टर-6 सिविक सेंटर के कला मंदिर में आयोजित है।अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता अरुण साव, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया उपस्थित होंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ सत्र 2025-26 के लिए नव-निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार पाण्डेय (बिलासपुर) एवं प्रदेश मंत्री अनंत सोनी अंबिकापुर 19 दिसंबर को अधिवेशन के उद्घाटन सत्र के पश्चात औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

अधिवेशन से पूर्व 18 दिसंबर को प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। वहीं 19 दिसंबर को अभाविप ध्वज का ध्वजारोहण एवं वंदेमातरम् गीत के साथ अधिवेशन का औपचारिक शुभारंभ होगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित बघेल द्वारा अधिवेशन की प्रस्तावना प्रस्तुत की जाएगी।

# न्याय मित्र मोबाइल एप्लिकेशन का वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला दुर्ग में न्यायिक अवसंरचना एवं वैकल्पिक विवाद समाधान को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग तथा प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, दुर्ग के आवासीय क्वार्टर के निर्माण के लिए वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही, इस गरिमामय कार्यक्रम में समाधान और सद्भाव की यात्रा 90 दिवसीय मीडिएशन ड्राइव - मीडिएशन फार द नेशन विषयक पुस्तक का विमोचन तथा न्यायिक सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल एवं सुलभ रूप से पहुँचाने न्याय मित्र मोबाइल एप्लिकेशन का वर्चुअल शुभारंभ भी किया गया।

उक्त कार्यक्रम न्यायाधिपति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा वर्चुअल माध्यम से संपन्न किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधिपति संजय के. अग्रवाल, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर तथा न्यायाधिपति पार्थ प्रतीम साहू, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़,



बिलासपुर एवं पोर्टफोलियो जज, जिला दुर्ग उपस्थित थे। न्यायाधिपति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि न्यायिक अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण किसी भी प्रभावी एवं उत्तरदायी न्याय प्रणाली की आधारशिला है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग के लिए आवासीय क्वार्टरों का निर्माण न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक सुविधा प्रदान करेगा, जिससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक समर्पण एवं दक्षता के साथ कर सकेंगे। वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली, विशेषकर मीडिएशन, भारत के मुख्य न्यायाधिपति का विजन एवं आज के समय की आवश्यकता है।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 19 को

दुर्ग। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिले के तीनों विकास खंडों के युवा कलाकारों के लिए है। जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को इन विधाओं में प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा जिसमें लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नृत्य, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा और रॉकबैंड। प्रतिभागी अपनी संबंधित सामग्री स्वयं लाएँगे।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजन में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों की आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष तक होना चाहिए।

# धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के आह्वान पर दुर्ग ब्लाक के तीन खरीदी केन्द्रों में किसानों ने धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने और किसानों को पर्याप्त संख्या में टोकन जारी करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। आलबरस में खाड़ा, आमटी, मासाभाट आलबरस गांव के, निकुम केंद्र में मासाभाट, आमटी, रूदा, निकुम गांवों के और अंडा केंद्र में विनायकपुर, जंजगिरी, चिंगरी, अंडा गांवों के किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

प्रदर्शनकारी किसानों ने धान खरीदी की धीमी गति और टोकन मिलने में होने वाले कठिनाईयों के बारे में बताया कि पहली बार धान बेचने वाले किसानों को अनेक



परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि सरकार के निर्देश के अनुसार किसानों को मजदूरी की राशि नहीं देना चाहिए लेकिन खरीदी केन्द्रों में किसानों से मजदूरी की राशि वसूल की जा रही है, किसानों की मजबूरी का अनुचित फायदा उठाया जा रहा है। किसानों को संबोधित करते हुए छग प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक एड राजकुमार गुप्त ने कहा कि किसानों में एकता नहीं है जिसके कारण सरकार बेलगाम हो गई है और धान खरीदी के लिए मनमाने निर्णय लेकर किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान कर रही है। किसानों को भटकना पड़ रहा है, उन्होंने किसानों से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। संघ के मनोज मिश्रा व सुमिरन गुप्ता ने भी किसानों से एकजुटता की अपील की।

## समीक्षा बैठक में आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश, लंबित कार्य जल्द पूरे करने कहा

# कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई में आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त ने शासन की विभिन्न योजनाओं और विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में वर्ष 2021–22 से

- स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को लेकर साफ सफाई में विशेष फोकस

लंबित निर्माण कार्यों, निविदा प्रक्रिया, स्वच्छता, सड़क, नाली, उद्यान, शौचालय, सांस्कृतिक भवन सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी जोन आयुक्त सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

आयुक्त राजीव पांडेय ने स्पष्ट किया कि जो निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने की जिम्मेदारी संबंधित जोन आयुक्त और कार्यपालन अभियंता की होगी। यदि किसी कार्य की वर्तमान में आवश्यकता नहीं है, तो उसकी जांच कर नस्ती अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रस्तुत की जाए। आयुक्त ने किसी भी कार्य की फाइल अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए गए। निविदा प्रक्रिया को लेकर अधिकारियों को पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तय समय और तिथि पर निविदा खोली जाएगी और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। 10 लाख रुपये से अधिक के कार्यों की निविदा व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ प्रकाशित करने के निर्देश भी दिए गए।



### एसएलआरएम सेंटर प्रारंभ करने के निर्देश


बैठक में 7 स्थानों पर निर्माणाधीन एसएलआरएम सेंटर को लेकर विशेष चर्चा हुई। स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताई गई कमियों को सात दिनों के भीतर दूर करने और जनवरी 2026 से सभी 7 एसएलआरएम सेंटर प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य अधिकारी को पुनः स्थल निरीक्षण कर स्थिति से अवगत कराने को कहा गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को ध्यान में रखते हुए उद्यानों की नियमित साफ-सफाई, सभी सार्वजनिक शौचालयों के निरीक्षण और निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सी एंड डी वेस्ट हटाने, रास्ता निर्माण और मटेरियल वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

### स्वीकृत कार्यों की प्रगति की पोर्टल में एंट्री अनिवार्य

बैठक में यह भी कहा गया कि सभी स्वीकृत कार्यों की प्रगति की एंट्री अनिवार्य रूप से पोर्टल में की जाए। 14वें वित्त आयोग और खनिज न्यास मद से स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। सांस्कृतिक भवन वैशालीनगर को सुचारू रूप से संचालन के लिए कार्यवाही करने, अटल परिसर नेहरू वाटिका में चल रहे निर्माण को एक सप्ताह में पूरा करने, रामनगर मुक्तिधाम के विकास से जुड़े प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने और एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्धारित मानकों के अनुसार ही कार्य कराए जाएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की शिकायत न आए।

## देहदान की वसीयत फाउंडेशन को सौंपी

दुर्ग। सीनियर इंजीनियर ग्रीन वैली जुनवानी भिलाई निवासी मार्टिन देहरी ने अपने देहदान की घोषणा कर देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया एवं दयाराम टांक को सौंपी। मार्टिन देहरी की पत्नी ज्योति देहरी एवं पुत्री साक्षी देहरी वसीयत के साक्षी बने। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों नेमार्टिन देहरी के देहदान के निर्णय की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मार्टिन देहरी ने कहा कुछ समय पहले उनकी पुत्री का आकस्मिक निधन हो गया था उस समय ही उन्होंने सोच लिया था कि मुझे अपनी मृत्यु के बाद पूरा शरीर समाज के हित में दान देना है। नवदृष्टि फाउंडेशन के अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, मंगल अग्रवाल, हरमन दुलई, रितेश जैन आदि मौजूद थे।



हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 17 दिसंबर 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



## खबर संक्षेप

### राष्ट्र-शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आज से

**अंडा।** ग्राम अंजोरा ख की पावन धरती एक बार फिर आध्यात्मिक चेतना, राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक नवजागरण की साक्षी बनने जा रही है। राष्ट्र–शौर्य समृद्धि के संकल्प के साथ आयोजित 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ 17 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह कलश यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति और युग परिवर्तन की दिव्य चेतना का प्रतीक है।

### हजरत हाजी बाबा शेख अब्दुल वाहिद का उर्स 20 को

**भिलाई।** हजरत हाजी बाबा शेख अब्दुल वाहिद कलीमी कलंदरी चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का उर्स-ए-चिश्तिया (छठवां सालाना उर्स मुबारक) 20 दिसम्बर शनिवार को आस्ताना शरीफ इतवारी बाजार धमतरी में मनाया जाएगा। इस दौरान शाम 5 बजे परतम कुशाई, रात 7 बजे शाही संदल के बाद नमाज ईशा किया जाएगा। सज्जादा नशीन शेख अकरम चिश्ती ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत हाजी बाबा शेख अब्दुल वाहिद कलीमी कलंदरी चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह (सेक्टर-5 भिलाई) का उर्स कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में भिलाई-दुर्ग सहित आसपास के मुस्लिम समाज के लोग शामिल होंगे। यह जानकारी खलीफा गुलाम रसूल चिश्ती, शेख अब्दुल जलील चिश्ती ने दी।

## निधन

### अरूण पांडेय



**भिलाई।** रायपुर शहर के वरिष्ठ वास्तुविद अरूण पांडेय 67 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 दिसंबर को जय श्री श्मशान काली मंदिर न्यू राजेंद्र नगर रायपुर के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सविता पांडेय के पति, सोनल दुबे, अंकित पांडेय के पिता, दुर्ग निवासी किरण शर्मा, डॉ. प्रभात पांडेय व शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज दुर्ग के प्राचार्य प्रकाश पांडेय के बड़े भाई थे।

### विमला पहाड़े



**भिलाई।** सड़क 20 बी, प्लॉट 162/4 प्रगति नगर रिसाली निवासी विमला पहाड़े 94 वर्ष का निधन 16 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे रिसाली मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक विनोद पहाड़े, ज्योति पुराणिक, संध्या काले, वृंदा जोशी की मां और अनुराग पहाड़े की दादी थीं।

### निर्मला देवी शर्मा



**भिलाई।** ढाँचा भवन कुरुद, भिलाई निवासी निर्मला देवी शर्मा पति बीके शर्मा उम्र 70 वर्ष का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा,निवास क्रमांक 411 ढांचा भवन, कुरूद भिलाई से 17 दिसम्बर को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिये निकलेगी। वे पत्रकार संतोष शर्मा, विश्वकर्मा लाल शर्मा, कुंती शर्मा एवं किरण शर्मा की मां थीं।

### ताराबाई कथडे



**भिलाई।** वार्ड 10 कैरियर स्कूल के पास शंकर नगर दुर्ग निवासी ताराबाई कथडे पति स्वर्गीय गणपत राव कथडे का निधन 16 दिसम्बर को हो गया है। वे अपने पीछे पुत्र संतोष कथडे, अशोक कथडे, श्रीराम कथडे एवं पोत्र प्रद्युम्न कथडे, अरनव कथाडे सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

### सुरेन्द्र नाथ तिवारी



**भिलाई।** आशीष नगर पश्चिम चर्च के पास रिसाली निवासी सेवानिवृत्त डीजीएम आरसीएल बीएसपी सुरेन्द्र नाथ तिवारी का निधन 16 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे रिसाली मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे वंदना तिवारी के पति थे।

## शराब की बोतल और मनचलों का अड्डा बना ऑक्सीजोन, जिम्मेदार मौन

# सांकरा का ऑक्सीजोन बना कबाड़खाना हरियाली हो रही खत्म, बदहाली बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांकरा में करोड़ो की लागत से बना ऑक्सीजोन अब कबाड़खाने में तब्दील होने लगा है। न तो रख रखाव हो रहा है, ना ही इसकी देखभाल हो रही है। जगह जगह टूट फूट साफ नजर आ रही है। इससे यहां आगंतुकों की भी कमी आई है।

शासन ने करोड़ों रुपए खर्च कर अमलेश्वर से पाटन जाने वाले मार्ग में ऑक्सीजोन का निर्माण किया था। जो अम्लेश्वर से लगभग 5 से 6 किलो मीटर की दूरी पर है। इसके ठीक सामने महात्मा गांधी वानिकी और उद्यान की विश्वविद्यालय निर्माणाधीन है। लेकिन सांकरा का ऑक्सीजन इस के अंतर्गत नहीं आता वह उनके अधिकार में नहीं है। सवाल उठता है आखिर इसकी देखभाल और रख रखाव का जिम्मा किसका है? यहां हरियाली की जगह बदहाली दिखाई पड़ रही है।

**शहरवासियों के लिए अभिशाप साबित हो रही यह जगह**



### टूटी-फूटी है पाइप लाइन,पेड़ सूखे

ऑक्सीजोन में हजारों की संख्या में सरकार ने पेड़ लगाए ताकि हरियाली बनी रहे, लेकिन लगाने के बाद इसके देख भाल का कोई इंतजाम नही किया गया। हालाकि शुरू के कुछ साल में देख देख हुई। लेकिन आज हर जगह पाइप लाइन टूटी हुई है ऐसे में पेड़ो को पानी नही मिल पा रहा हरियाली होनी थी लेकिन पेड़ सूख रहे है। यहां आसानी से देखा जा सकता है कि लाखो की लागत से लिए गए स्प्रिंकलर पाइप कटे और बिखेर पड़े है कई टुकड़ों में तब्दील हो रहे है। इन्हें पेड़ो से बांधा गया है।

### जानवरों का चारागाह, पेवरब्लॉक की स्थिति भी जर्जर

आसपास का जानवरो के लिए सांकरा का ऑक्सीजोन चारागहा बन चुका है पेड़ के पत्ते और बचे हुए घास फूस का खाकर स्वच्छ विचरण कर रहे है। ऑक्सीजोन के कई स्थानों में आने जाने वाले पर्यटकों के लिए पेवार ब्लॉक लगाए गए लेकिन आज इनकी स्थिति जर्जर हो चुकी है कई कार्नर से उखड़ गए है। चारो ओर इसके सीमेंट पोल से ऑक्सीजोन के एरिया को कवर किया गया था अब आलम यह है कई जगहों से सीमेंट के पोल गायब है या वही पर गिरकर टूट गए है।

### शराब की बोतल और मनचलों का अड्डा

यहां पर किसी प्रकार का कोई गार्ड,चपरासी या विभाग का आदमी नहीं है इसलिए अब यह असामाजिक तत्वों के हाथ लग रहा है यहां पर कई स्थान पर शराब की बोतल, डिस्पोजल दिखाई पड़ रहे हैं। आए दिन यहां पर मनचलो का जमावड़ा भी दिखाई पड़ रहा है। सांकरा का ऑक्सीजन क्योंकि रोड से लगा हुआ और काफी लंबा है इसलिए आसपास अवैध कब्जा का भी खतरा मंडरा रहा है।

## काटे जाएंगे भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र के सभी अवैध नल कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में एमआईसी की बैठक हुई। इस दौरान महापौर निर्मल कोसरे ने अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विकाय कार्यो को लेकर चर्चा हुई। नगर निगम कार्यालय के समीप नव निर्मित मिलेट कैफे के संचालन विषय को लेकर कार्यवाही शुरू की गई। महापौर द्वारा अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि 40 वार्डो में अवैध नल कनेक्शन पर कार्रवाई करें। इसके अलावा अन्य विकाय कार्यो पर चर्चा की गई। बैठक में एमआईसी सदस्य मोहन साहू, मनोज डहरिया, एस वेंकट रमना, ईश्वर साहू, एम जॉनी, देवकुमारी भलावी, संतोषी निषाद, दिप्ती आशीष वर्मा समेत आयुक्त डी.एस. राजपूत, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सचिवालय लिपिक अंकित यदु, जनसंपर्क प्रभारी विकास चंद्र त्रिपाठी मौजूद थे।

## चावल के लिए ग्रामीणों को करना पड़ रहा है इंतजार, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन ब्लॉक के ग्राम सोनपुर में गरीबो का चावल, नमक, शक्कर अभी तक नहीं मिल पाया है। पीडीएस दुकान की आईडी 432004067 है। आरोप है कि इस दुकान के संचालक के पास एक साथ ग्यारह दुकानें है। इससे ग्राम पंचायत सोनपुर के लोगों को बहुत परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण चावल लेने के लिये माह भर इंतजार करते हैं। जिस

- सेल्समैन पर मनमानी का आरोप, शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं

दुकान में चावल वितरण किया जाता है उस दुकान को ग्रामीण और अधिकारी नहीं पहचान पाते क्योंकि इस दुकान का न कोई रंग है ना कोई सफाई। जब की दुकानों को तिरंगा रंग में पुताई करने का और अपने उच्च अधिकारी शिकायत टोल फ्री नंबर दर्शाने का निर्देश है लेकिन यहां कुछ भी नहीं लिखा हुआ है। इसके पहले ग्राम पंचायत कौही के ग्रामीणों ने चावल नहीं मिलने पर दुकान बंद कर भारी विरोध किया था। खाद्य विभाग के उच्च अधिकारी इस पर मौन है, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ रहा है।



### कार्रवाई करेंगे

“ शिकायते बार-बार आ रही है और कार्रवाई जरूर करेंगे।

**अनुराग भदौरिया**, खाद्य अधिकारी दुर्ग

### अब तक नहीं हुई कार्रवाई

“ शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नही हो रही है। मैंनें खुद पाटन एसडीएम में शिकायत की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जनप्रतिनिधि होने के कारण मैं शिकायत की है, सचिव से भी कहा लेकिन कार्रवाई अब तक नहीं हुई है।

**संतोष कुंभकार**, सरपंच सोनपुर

## कोकड़ी में अधिकारी अनुपस्थित, किसानों ने कलेक्टर अभिजीत से मिलकर सर्वे कार्य रोकने की मांग दोहराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



रेलवे अधिग्रहण प्रभावित किसानों ने ग्राम कोकड़ी में अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की। वहीं ग्राम पौवारा में एकत्रित होकर कलेक्टर मुलाकात करते हुए अपनी परेशानियों से अवगत कराया। किसानों ने कलेक्टर गाइडलाइन दरों में अस्पष्टता और जीविकोपार्जन के लिखित आश्वासन न मिलने तक सर्वे कार्य पर पूर्ण असहमति बनाए रखने की मांग दोहराई। इस दौरान गोपेश्वर साहू, चिंतामणि गजपाल, उमेंदी ठाकुर, मलेश निषाद, लखन निषाद, तुमन लाल साहू सहित अन्य किसान मौजूद थे। ग्राम कोकड़ी में सर्वे कार्य के लिए मुनादी होने के बावजूद किसान मौके पर मौजूद रहे, लेकिन अधिकारीगण उपस्थित नहीं हुए। किसानों द्वारा कारण पूछने पर पटवारी ने मेडिकल इमरजेंसी बताई। किसानों ने समय बर्बाद होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। वहीं दूसरी ओर ग्राम पौवारा के प्राथमिक शाला में सभी किसान एकत्रित हुए और कलेक्टर के समक्ष अपनी मांगें रखी। महिला किसान लक्ष्मी मानिकपुरी ने किसानों का नेतृत्व करते हुए कलेक्टर से निवेदन किया कि जब तक गाइडलाइन दरों में स्पष्टता नहीं मिलती, अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले किसानों को मुआवजे और विस्थापन में जीविकोपार्जन कैसे करेंगे। जब तक इसका लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक किसी भी स्थिति में सर्वे का कार्य नहीं होना चाहिए। जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने भी किसानों की मांग को जायज बताया और कहा कि संपूर्ण जानकारी और लिखित आश्वासन के बिना किसान सर्वे के लिए असहमति बनाए रखेगा। कलेक्टर ने इस पर नायब तहसीलदार को निर्देशित करने की बात कही।

- रेलवे अधिग्रहण प्रभावित किसानों ने सौंपा ज्ञापन



## संविधान की प्रस्तावना का किया सामूहिक वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी

स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा विगत 26 नवम्बर को संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य चरण में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संविधान की महत्ता समझने, छात्र जीवन में संवैधानिक आदर्शों का पालन करने तथा अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। राजनीति शास्त्र की सहायक प्राध्यापक मालती पैकरा ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम में हुए अथक प्रयासों, संविधान निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया तथा इसकी मूल भावना से अवगत कराया ।

## विधायक निधि से बागडूमर में सतनामी समाज का भवन



**अहिवारा।** ग्राम बागडूमर में सतनामी समाज भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया। निर्माण के लिए स्वीकृत राशि 10 लाख रुपए विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने अपनी विधायक निधि से दिए है। सरपंच दामिनी साहू एवं सतनामी समाज ने इस स्वीकृति के लिए विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा का आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में उपस्थित धमधा जनपद पंचायत सभापति भूपेंद साहू, जनपद सदस्य सुरेश बारले, सरपंच दामिनी साहू, पंच अमित साहू, दीपक सोनी पंच, नंदकुमार जोगी पंच, सूरज कुमार पंच, सावित्री बघेल पंच, संगीता जोगी पंच, पूर्व सरपंच अनीता बघेल, राजेंद्र जोगी, ढाकेश्वर , अभय जोगी, प्रिंस मार्कण्डेय, हितेश जोगी, सतनामी समाज एवं समस्त ग्रामवासी भूमिपूजन में उपस्थित रहे।

### शैलदेवी महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता

## खेल भावना के साथ मैदान में उतरे कॉलेज स्टूडेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा में आयोजित द्वि–दिवसीय वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता का समापन को हर्षोल्लास, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। महाविद्यालय के चेयरमैन राजन कुमार दुबे ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों/टीमों को मेडल एवं शील्ड प्रदान किए। द्वितीय दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। रस्सा कस्सी (महिला वर्ग) में बीएससी, बीएड चतुर्थ सेमेस्टर की तनूजा ग्रुप विजेता एवं कोनलिका ग्रुप उपविजेता रही, जबकि रस्सा कस्सी (बालक वर्ग) में बीएड. प्रथम सेमेस्टर विजेता तथा बीएससी बीएड द्वितीय वर्ष उपविजेता रहा। बैडमिंटन (बालिका वर्ग) में भावना विजेता एवं पूर्वी उपविजेता रहीं। बैडमिंटन (बालक वर्ग) में पंकज विजेता, डेमन उपविजेता तथा लव कुमार तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में बालक वर्ग में लीलाधर तथा बालिका वर्ग में डिंपल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊँची कूद में बालिका वर्ग में डिंपल एवं बालक वर्ग में लवकुश विजेता रहे। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में शेषनारायण तथा बालिका वर्ग में देविका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वॉलीबॉल (बालक वर्ग) में बीएससी, बीएड तृतीय वर्ष की टीम विजेता तथा एम कॉम प्रथम सेमेस्टर उपविजेता रही, वहीं वॉलीबॉल (बालिका वर्ग) में बीएससी, बीएड चतुर्थ वर्ष विजेता एवं बीएससी, बीएड द्वितीय वर्ष उपविजेता रही।

## अंचल की खबरें

### रासेयो स्वयंसेवकों ने गांव में किया सेवाकार्य




**जामगांव आर।** मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला द्वारा ग्राम पंचायत आगेसरा में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन 08 दिसम्बर से किया गया। रविवार को समापन पर शिक्षकों व स्वयंसेवकों को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। विदाई पूर्व सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत आगेसरा में स्वच्छता, जल संरक्षण, योगा, खेलकूद के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रस्तुति भी दी। ग्राम पंचायत आगेसरा के युवा सरपंच रमाकांत साहू ने कहा कि एनएसएस विधार्थियो में सेवा संस्कार और भाईचारा का बीजारोपण कर भावी होनहार नागरिक तैयार करने में महती भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी कल के भावी नागरिक है ये जितना मजबूत होंगे उतना देश समाज मजबूत होगा। उप सरपंच सुशीला साहू तथा समस्त पंचगण केशव सोनी, रोहित साहू, थान सिंह पटेल, एकेश्वर साहू, उर्वशी सोनी, ईश्वरी साहू, प्रेमलता साहू, हेमलता पटेल और रामहीन निषाद सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। एनएसएस प्रभारी प्रमोद भारती ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक कमलेश्वर साहू, प्रदीप साहू डॉ रमेश साहू, अंजनी पैकरा, सुमन कश्यप और रूद्र प्रताप सोम सहित अन्य उपस्थित थे।

### कॉलेज के विद्यार्थी कौशल विकास में भी आगे



**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश निक्की भाले व नगर पंचायत पाटन के सभापति केवल देवांगन और जनभागीदारी सदस्यों ने कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा से मिलकर कालेज गतिविधियों की जानकारी लिए। प्राचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को सफल करने और विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेन्ट के लिए बांस कला, फेब्रिक पेंटिग, क्लासिकल नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला, टूटी फ्रूटी कतरी निर्माण कार्यशाला, कम्प्यूटर हार्डवेयर की जानकारी कार्यशाला का आयोजन कर किया गया है। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया। अध्यक्ष निक्की भाले प्रशिक्षित विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए उत्पादों को देखकर गदगद हो गए और छात्र छात्राओं के कौशल विकास के लिए प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा एवं महाविद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए महाविद्यालय गतिविधियों पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### खोपली में एनएसएस का विशेष शिविर शुरू



**उतई।** सांई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से ग्राम खोपली में विशेष एनएसएस शिविर का शुभारंभ 13 दिसंबर को किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के कुल 50 एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर स्थल पर पहुँचते ही स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस का पोस्टर लगाया गया। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस बैज, डायरी एवं एनएसएस टी-शर्ट वितरित की गई। शिविर के प्रथम दिवस का औपचारिक शुभारंभ ग्राम खोपली के सरपंच श्रीमती मंजू वर्मा,पूर्व सरपंच फ़त्तेलाल वर्मा एवं नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा अतिथियों का बैज पहनाकर एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। शिविर का संचालन एनएसएस संचालिका श्रीमती वर्षा वर्मा एवं सह-संचालिका श्रीमती गार्गी शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों को विभिन्न समूहों में विभाजित कर दैनिक कार्यक्रम (डेली रूटीन) प्रारंभ कराया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में सेवा भावना, सामाजिक जागरूकता, अनुशासन एवं सहयोग को बढ़ावा देना है। एनएसएस शिविर का पहला दिन सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### विद्यालयों में बच्चों को बांटे गए स्वेटर



**उतई।** शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला उतई जोन,के लगभग 550 बच्चों को सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश फरमानिया ने 550 बच्चों को स्वेटर का वितरण किया । इस अवसर पर सभी स्कूलों में बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वेटर पाकर सभी बच्चे और उनके पालकों का चेहरा खिल गए। अपने उदबोधन में सुरेश फरमानिया ने सभी बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए बगैर नकल किए अपने मेहनत से आगे बढ़ने की बात कहीं और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के मंत्र को सार्थक करने के लिए सभी को प्रेरित किया। करगाडीह के सरपंच करण सेन ने सुरेश फरमानिया को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया। शिक्षक गिरीश साहू ने बताया कि सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट विगत 11वर्षों से छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में बच्चो को लगभग 90 हजार स्वेटर,90 हजार कॉपी,पुस्तके,कंपास और बेंच डेस्क आदि का वितरण निस्वार्थ भाव से कर रहा हैं। उतई जोन के करगाडीह, मंचादूर, चिरपोटी के स्कूलों में लगभग 550 स्वेटर का वितरण सुरेश फरमानिया जी के सहयोग से किया गया है। अभी तक 90 हजार बच्चो को सुरेश फरमानिया के द्वारा स्वेटर वितरण किया गया है। स्वेटर वितरण कार्यक्रम के दौरान सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश फरमानिया, प्रधान पाठक पूर्णिमा साहू, प्रणव मांडरिक नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू और शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।


हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 17 दिसंबर 2025



### मोहन नगर पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

## स्ट्रीट डॉग को पीटने वाले का वीडियो वायरल, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



- आरोपी के बेटे को काटा था डॉग,खोजबीन किया जा रहा है

स्ट्रीट डॉग ने एक लड़के को काट लिया, इससे नाराज पिता ने कमरे में बंद कर लाठी से बुरी तरह मारा।

इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि घटना 14 दिसंबर की सुबह 10 बजे की है। दुर्ग स्थित एक डायग्नोस्टिक सेंटर में स्ट्रीट डॉग बैठा हुआ था। इसी दौरान भूखन साहू पहुंचा और आक्रोश में डॉग को डंडे से बुरी तरह पीटने लगा। कुत्ते को पीटने का सीसीटीवी फुटेज अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गैंद डबरी निवासी सोनू दास मानिकपुरी ने थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने भूखन साहू को गिरफ्तार किया।

## चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकान संचालक पर कार्रवाई

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में चाइनीज मांझा के बढ़ते उपयोग और उससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर एक बार फिर कार्रवाई की गई। अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व में टीम अमला ने वार्ड 52 बोरसी पहुंचकर जय शंकर किराना स्टोर्स में मांझा की जांच की। इस दौरान प्रतिबंधित मांझा जब्त करते हुए 5 हजार रुपये का जुर्माना राशि वसूला गया। शहर क्षेत्र अंतर्गत निरन्तर निगम के बाजार विभाग और अतिक्रमण विभाग की संयुक्त टीम अब शहर में घूम-घूमकर चाइनीज मांझा की खरीद-फरोख्त, परिवहन, भंडारण और उपयोग पर निगरानी रखेगी तथा नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम आवास के हितग्राहियों को किस्त की राशि जारी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के एसएनए स्पर्श के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के हितग्राहियों को किस्त की राशि का भुगतान किया गया। आने वाले नववर्ष के अवसर पर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना टीम के अथक प्रयास से 250 हितग्राहियों को पहली किस्त के रूप में 1.57 करोड़ रूपये और 110 हितग्राहियों को दूसरी किस्त 95.70 लाख रूपये एवं 44 हितग्राहियों को तीसरा किस्त 28.60 लाख रूपये भुगतान किया गया है। राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में हस्तांरित की गई, जो एसएनए स्पर्श प्लेटफार्म की पादर्शिता और त्वरित फंड ट्रांसफर को दर्शाता है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।


सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर



बाजार मूल्य ₹ 299 प्रति पीस वाले
लेडिस जेगिंग्स
प्लेन एवं प्रिंटेड
2 पीस ₹99 में 2 पीस
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई
गुरुद्वारा रोड, दुर्ग • सुमीत जंक्शन, पद्मनाभपुर रोड, पुलगांव चौक, दुर्ग
*condition apply

वयम मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
24th
जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज आधुनिक तकनीक एवं नवीनतम उपकरणों से सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की टीम द्वारा संक्रमण रहित वातावरण में किया जाता है-

उपलब्ध सुविधा
24 HR EMERGENCY SERVICES
- 24x7 एम्बुलेंस सुविधा।
- 24x7 मेडिकल सुविधा।
- मरीजों की सुविधानुसार जनरल वार्ड, ए.सी.।
- प्रायवेट रुम एवं आईसीयू की सुविधा उपलब्ध।
- कम्प्यूटराइज्ड बिलिंग सुविधा।
- 24x7 पावर बैकअप की सुविधा।
- मरीजों एवं रिश्तेदारों के लिये भोजन की सुविधा।





यहाँ इन बीमारियों का आयुष्मान योजना द्वारा निःशुल्क उपचार किया जाता है।
- मेडिसिन विभाग
- जनरल सर्जरी
- हड्डी रोग
- ओरल मैक्सिलोफेशियल सर्जरी

प्रतिवर्ष, प्रति योग्य परिवार को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार उपलब्ध है।

टीपीए इंश्योरेंस से कैशलेस की सुविधा एवं सीएसपीडीसीएल की सुविधा उपलब्ध है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्डधारियों को अस्पताल में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है।
इसमें भर्ती होने के दौरान आवश्यक जाँच, दवाइयाँ, ऑपरेशन, उपचार, भोजन और बेड सभी मुफ्त प्रदान किए जाते हैं।



वरिष्ठ एवं अनुभवी चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध सेवाएँ न्यूनतम दरों पर इलाज की सुविधा।
उपलब्ध सेवाएँ
- डायबिटीज, हाईब्लडप्रेशर व उससे जुड़ी बीमारी का इलाज
- दंत रोग संबंधित बीमारी का इलाज
- जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- स्टोन, एपेंडिक्स, हार्निया, पाइल्स, फिशर, फिस्टुला सर्जरी
- थायराइड, ग्वाइटर, ब्रेस्ट सर्जरी
- प्लास्टिक सर्जरी
- नशे संबंधित बीमारियां व न्युरोसर्जरी
- मुत्र रोग
- नाक कान गला रोग
- हड्डी रोग
- पेट संबंधित बीमारियां
- स्त्री एवं प्रसुति रोग
- बांझपन का इलाज
- आपातकालीन सुविधा
- कास्मेटिक गायनेकोलॉजी सर्जरी
- मैक्सिलोफेशियल सर्जरी

वयम हॉस्पिटल, 4/1 प्रियदर्शिनी परिसर, सुपेला पुलिस स्टेशन के सामने, भिलाई (छ.ग.)
Mob. : 7880082991, 7880082992, Ph. : 0788-4018080
vayamhospital.com

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

## पारवारिक मिलन समारोह में सांसद और विधायक भी हुए शामिल




**लाइव इवेंट**

## ड्रॉइंग व पेंटिग प्रतियोगिता में बच्चों का दिखा उत्साह, लिया बढ़चढ़कर हिस्सा



**भिलाई।** ड्रॉइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन एम. जे. स्कूल कोहका भिलाई में किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 2500 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में चयनित सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार और बड़ी संख्या में सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह पुरस्कार वितरण 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले विंटर कार्निवाल-आनंद मेला में शाम 5 बजे से साढ़े 8 बजे के बीच किया जाएगा। विंटर कार्निवाल में बच्चों और परिवारों के लिए फन गेम्स, मैजिक शो, ऊंट सवारी, घुड़सवारी, पपेट शो सहित अनेक आकर्षक गतिविधियां होंगी। साथ ही, स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए विभिन्न फूड स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे। एमजे स्कूल प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं नगरवासियों को इस आयोजन में शामिल होकर बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया है।



● सिन्हा कलार समाज के पारवारिक मिलन समारोह का गौरवमयी स्वर्णिम महोत्सव

# दिलों का मिलनः परिवार और समाज की मौजूदगी में 200 से अधिक युवक-युवतियों ने चुने जीवन साथी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज जन कल्याण समिति भिलाई नगर के पारिवारिक मिलन समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन में समाज के कई दिलों का मिलन हुआ। दो दिवसीय भव्य आयोजन में विवाह योग्य 400 से अधिक युवक-युवतियां शामिल हुए। इनमें से 200 युवाओं ने परिवार और समाज की मौजूदगी में अपने जीवन साथ चुनने का निर्णय लिया। समारोह भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के मैदान में हुआ। जहां युवक-युवतियों की परिचय विवरणिका के 23 वां अंक का विमोचन भी किया गया।

युवक-युवती परिचय सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों को 50साल की गौरवमयी यात्रा के लिए बधाई देते हुए कहा कि, परिवार की एकजुटता से समाज की मजबूती तय होती है। 50 साल पहले समाज के वरिष्ठों द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन के रूप में रोपी गई बीज आज विशाल वटवृक्ष बन चुकी है। जिसकी छाया में हम सभी खड़ें है। समाज की इस प्रेरणादायक कार्यक्रम हम सभी के लिए ऐतिहासिक और गौरवमयी है।

विशिष्ट अतिथि व समाज सेवी इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि पारिवारिक मिलन समारोह के रूप में इतना बड़ा और भव्य कार्यक्रम पहली बार देखने को मिल रहा है। उन्होंने समाज के बच्चों की शिक्षा पर केन्द्रित करने कहा और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को अपनी संस्था के माध्यम से मदद करने की बात कही है। विशेष अतिथि योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा,छग कलार समाज के प्रातांध्यक्ष युवराज सिन्हा ने भी समाज को संबोधित किया।





### स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया

कार्यक्रम के दौरान जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुमन सागर समाज और जनकल्याण समिति की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से समाज को अवगत कराया। मिलन समारोह के साथ रोजगार शिविर में 65 युवाओं को प्लेसमेंट और चिकित्सा शिविर के माध्यम से 400 से अधिक लोगों को स्वास्थ्य जांच कराने की जानकारी दी। इस अवसर पर रिसाली निगम की महापौर शशि सिन्हा, छग कलार समाज के प्रांतीय महामंत्री रिखी राम सिन्हा, छग कलार समाज के जिला अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, मंडलेश्वर जीवन लाल सिन्हा, नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद अंजू सुमन सागर सिन्हा, रिसाली निगम की पार्षद ममता नवीन सिन्हा,समेत अन्य का समाज की ओर से सम्मानित किया गया।




### इनका भी सम्मान

नेशनल लेवल पर खेल के क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करने वालीबॉल खिलाड़ी दीक्षा सिन्हा, टेनिस बाल क्रिकेट तनिशा सिन्हा, टिवलिंग बॉल कुणाल गजेन्द्र,वेदांत गजेन्द्र और पोलो सायकल में इंशिका सिन्हा को पुरस्कृत किया गया। महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करने वाली सुमन सिन्हा को दम्यंती देवी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। शासकीय मेडिकल कॉलेज में शरीर दान करने वाले राजनांदगांव के ममता नगर निवासी विष्णु सिन्हा का समिति की ओर से सम्मान किया गया। मंच संचालन महामंत्री नवीन सिन्हा, डा भावना जायसवाल और लोकेंद्र जायसवाल ने किया।

### समाज को किया गौरन्वित, हुआ सम्मान

जन कल्याण समिति की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा(सीजीपीएससी) के माध्यम से सहायक संचालक, वाणिज्य एवं उद्योग के पद पर चयनित गुण सागर सिन्हा और सहायक जेल अधीक्षक के पद चयनित किशोर जायसवाल, सब रजिस्टार डिम्पल डड़सेना को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ अनिता डड़सेना (पीएचडी), डॉ वर्षा सिन्हा (एमडी), आयुष सिन्हा, (एमटेक आईआईटी), हिमांशु सिन्हा (एम टेक एनआईटी), डॉ ममता सिन्हा (पीएचडीध्नर्सिंग), दिव्यांग डड़सेना (नीट), कक्षा.12वीं में मान्यता सिन्हा को प्रथम और नंदिता सिन्हा को द्वितीय, (कक्षा.10वी सीबीएसई बोर्ड से सौम्या डड़सेना प्रथम, आयुषी सिन्हा को द्वितीय और सीजीएसई बोर्ड से अर्चना सिन्हा को प्रथम और तनीषा सिन्हा को द्वितीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**सिटी इवेंट**

## बच्चों ने पोयम, अल्फाबेट, हिंदी वर्णमाला को सुनाया, पहाड़ा और पाठ का किया वाचन



**भिलाई।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत डी ग्रेड शालाओं का राज्य शासन द्वारा गुणवत्ता परीक्षण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में प्राथमिक शाला भाटापारा का अनुविभागीय अधिकारी छावनी द्वारा कक्षा, टॉयलेट, मुस्कान लाइब्रेरी, किचन गार्डन, स्वच्छता का निरीक्षण किया गया। श्री पिस्दा द्वारा सभी कक्षा के बच्चों से उनके स्तर का सामान्य ज्ञान, पहाड़ा, पाठ का वाचन कराया गया। सभी बच्चों ने अच्छे से जवाब दिए। कक्षा 5वीं के बच्चे द्वारा रेखागणित, कक्षा 4 के बच्चों को छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस, राजधानी, मुख्यमंत्री का नाम, अंग्रेजी पोयम, कक्षा 3 के बच्चों से कविता वाचन कक्षा 1 और 2 के बच्चों द्वारा अल्फाबेट एवं हिंदी वर्णमाला की जानकारी लिया। इस दौरान बच्चों द्वारा संतोषजनक जवाब दिया गया। इस दौरान सामाजिक अंकेक्षन में संकुल समन्वयक ऊषा पांडेय, संस्था प्रधान रुक्मिणी साहू, प्रभारी नीलू साहू का सहयोग रहा।



## मैत्रीबाग में हरियाली के बीच सदाबहार गीतों की सजी महफिल, लोगों ने लिया हिस्सा



**भिलाई।** कोशिश स्टार म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जहां नए-पुराने सदाबहार गीतों ने श्रोताओं के मन को छू लिया। इस अवसर पर मैत्री बाग के प्रबंधक डॉ. नवीन जैन एवं इंचार्ज व्यवस्थापक ललित यादव सहित गीत–संगीत के क्षेत्र में वर्षों से अपनी साधना द्वारा समाज को आनंद देने वाले वरिष्ठ गायक कलाकारों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति–चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साहित्यकार कैलाश जैन बरमेचा, यादें मुकेश भिलाई के संचालक बीडी निज़ामी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कैलाश जैन बरमेचा द्वारा अंचल के वरिष्ठ गायक कलाकार एंथोनी फ्रांसिस, उमेश विश्वकर्मा, जीवन वर्मा, बी.डी. निज़ामी और मैत्री बाग प्रबंधन के प्रतिनिधि ललित यादव, जाहिद अली और द रेन ड्रॉप दुर्ग के प्रमुख राजेश जैन को पुष्पगुच्छ और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। संगीत प्रस्तुति के क्रम में अंचल के कलाकारों ने मधुर गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रमुख कलाकारों में मोहम्मद खान रिज़वी, सूर्यकला, अनिल शुक्ला, जीवन वर्मा, पीयूषा मनहरे, गीता सिंह, राजू उएके, महमूद अली, संजय दुबे, कमाल अख्तर, उमेश विश्वकर्मा, मोहम्मद शाहिद, नीतू गोस्वामी, भारती जैन, अविनाश तिवारी, उमेश वानखेड़े, जी.पी. पांडियन, रजनीकांत वर्मा सहित अन्य कलाकारों ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से श्रोताओं एवं पर्यटकों का मन मोह लिया। बी.डी. निज़ामी ने क्या खूब लगती हो और ज़िंदगी की ना टूटे लड़ी..., जाहिद अली ने "आदमी मुसाफिर है", "चाँदनी रात में", "एक बार तुझे ओ मेरी जान" जैसे गीतों को गाकर सभी तालियां बटोंरी। कार्यक्रम में प्रवीण मेश्राम, विशाल गुप्ता, एंथोनी फ्रांसिस, शेख प्यार, रमेश दत्त पांडे, अज़ीम भाई, संजय लाल, संतोष मिश्रा, दीपक साहू, मोहम्मद मतीन, बिलाल भाई, राजेंद्र पाटील, अज़गर अली, अकरम खान, सुरेंद्र पाटले, अनीता, समीम आदि मौजूद थे।

## कलश यात्रा पंजीयन में उमड़ा मातृशक्ति का विराट जनसैलाब, रामकथा की तैयारी शुरू



**भिलाई।** शिवपुरी स्टेडियम, जामुल में 29 दिसम्बर से 6 जनवरी तक कथा व्यास जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य महाराज श्रीधाम पीठाधीश्वर अयोध्या के श्रीमुख से आयोजित होने वाली राम कथा के पहले 28 दिसम्बर को कलश यात्रा को लेकर मातृशक्ति में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। आयोजन समिति द्वारा निर्धारित ग्यारह हजार एक सौ महिलाओं के लिए अब तक 9500 से अधिक पंजीयन का हो चुका है।

लक्ष्य से अधिक पंजीयन की संभावनाओं को देखते हुए हुए अस्थायी रूप से स्थगित किया गया। पंजीयन अब 18 दिसम्बर तक फिर से शुरु किया जायेगा। निर्धारित संख्या पूर्ण होते ही पंजीयन प्रक्रिया समय सीमा से पूर्व समाप्त कर दी जाएगी। आयोजक ईश्वर उपाध्याय ने बताया कि राम कथा की यह कलश यात्रा न केवल अत्यंत पुण्यदायी है, बल्कि सनातन सांस्कृतिक चेतना का भी सजीव प्रतीक है। कलश यात्रा में सम्मिलित होने वाली सभी माताओं के लिए पीली साड़ी धारण करना अनिवार्य होगा। कथा पंडाल परिसर में सभी माताओं को निःशुल्क कलश उपलब्ध कराए जाएंगे। वैदिक विधि से संकल्प एवं कलश पूजन के उपरांत नगर भ्रमण करते हुए यात्रा पुनः पंडाल में सम्पन्न होगी। इसके पश्चात श्रीराम रक्षा स्तोत्र एवं वैदिक मंत्रोच्चार के माध्यम से नौ दिनों तक कलशों का अभिमंत्रण कर, कलश धारक माताओं को प्रसाद स्वरूप प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील किया है कि जो माताएं इस पुण्य अवसर में कलश धारण करना चाहती हैं, वे पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर शीघ्र संपर्क कर अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकती है।

## राष्ट्रीय निर्णायक के लिए प्रिंस टंडन का चयन, पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप

**दुर्ग।** पॉवरलिफ्टिंग इंडिया एवं मध्यप्रदेश पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय वेस्टर्न इंडिया पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन इंदौर में 19 से 21 दिसंबर तक किया जा रहा है। इसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अधिनस्थ उप स्वास्थ्य केन्द्र फरीद नगर कोहका में कार्यरत राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रिंस पीयुष टंडन का चयन निर्णायक के रूप में छत्तीसगढ़ टीम में किया गया है। टंडन 17 दिसंबर की शाम को दुर्ग से रवाना होंगे। उल्लेखनीय है कि विगत माह बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 66 किग्रा वजन वर्ग समूह सीनियर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। इसके पूर्व प्रिंस पीयुष टंडन ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मुंबई 2015, जम्मू 2016, उदयपुर 2016, रांची 2018 एवं अन्य राज्यों एवं जिलों में खिलाडी के रूप में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किया है एवं वर्तमान में राज्य स्तर पर निर्णायक के रूप में अपनी सहभागिता एवं सेवा दे रहे हैं। इनके राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने पर विभागाध्यक्ष पीयाम सिंह शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी भिलाई, डॉ. देवेंद्र किशोर बेलचंदन शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी दुर्ग, कृष्णा साहू अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टर, नशकर टंडन अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टर, भारतीय टीम प्रशिक्षक आदि ने हर्ष जताया है।



## जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर जिला अस्पताल दुर्ग का वार्षिक लैम्प लाइट ओर विदाई समारोह

**कार्नर न्यूज**

### सच्चाई, ईमानदारी और निष्ठा के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ें : अलका

# तैयार हुआ नर्सिंग कैडर, सीएमओ ने कहा- अपने कार्य से बनाएं अपनी अलग पहचान

**दुर्ग।** शासकीय जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी जी एन एम ट्रेनिंग सेंटर जिला अस्पताल दुर्ग का वार्षिक लैम्प लाइट और अंतिम वर्ष की छात्राओं का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी और विशेष अतिथि दुर्ग की महापौर अलका बाघमार थी। अध्यक्षता सिविल सर्जन दुर्ग डॉ. आशीषन मिंज ने की। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम ओर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने भी छात्राओं को संबोधित किया। विशेष अतिथि डॉ अलका बाघमारे ने कहा सच्चाई ईमानदारी और निष्ठा के मूल मंत्र के साथ भविष्य की आगामी सीढियां चढ़ते हुए आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प और मरीजों की देखभाल में लगन, मेहनत और हंसमुख स्वभाव अत्यंत आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी ने नर्सिंग कैडर की अंतिम वर्ष की छात्राओं से कहा जिस अस्पताल में जाएं वहा अपनी सेवाओं के जरिए इस संस्था की और अपनी पहचान बनाएं।



### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद



कार्यक्रम में एम आई सी सदस्य चंद्राकर, डॉ. सी बी एस बंजारे,डॉ. जे पी मेश्राम,डॉ. विनिता धुर्वे,डॉ. संजय बालेंद्र, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष अजय नायक,जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र गुप्ता, उप प्रांताध्यक्ष प्रमेश पाल , नर्सिंग सिस्टर अमरीता राजपूत, रंजना सोनवानी, गीता साल, एम गंधर्व, विजय जॉन, मैट्रन उत्तरा बोरकर और मंजूराय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बनेगा नया अध्ययन कक्ष और हॉस्टल

प्राचार्य पुष्पा बांधे ने बताया कि संस्था के भवन के फिर से निर्माण और संधारण की आवश्यकता है इसके लिए शासन से लगभग 13 करोड़ लागत आएगी। जिसमे अध्ययन कक्ष, हॉस्टल और ऑफिस शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि हम जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी तीन वर्ष की स्टाफ नर्स को बेहतरीन प्रशिक्षण देकर बैच तैयार कर रहे हैं। यहां की प्रशिक्षित नर्से शासकीय अस्पतालों, प्राइवेट अस्पतालों,एम्स जैसी संस्थाओं में सेवाएं देती है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने कहा कि विभाग जे एन एम प्रशिक्षण की सुविधा को सुदृढ़ और सशक्त करने अधोसंरचना उन्नयन करना होगा साथ ही कर्मचारियों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध करना चाहिए।


हरिभूमि 24th Anniversary
हरिभूमि पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष
Life Care™
SCAN & RESEARCH PVT. LTD.
DIAGNOSTIC CENTRE
Approved By
NABL
ACCREDITED LABORATORY
CERTIFICATE NO: MC-7206
भारत सरकार के उपक्रम
NABL द्वारा 63 PARAMETERS
से अधिक मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ की एकमात्र संस्थान।
FREE BLOOD SAMPLE COLLECTION FROM HOME
24X7 FREE AMBULANCE
We build bonds
that go beyond just care.
MEDICAL IMAGING SERVICE
3T MRI
128 Slices Cardiac CT Scan
4-D Sonography | X-Ray Mammography | OPG/CBCT
Endoscopy | Digital X-Ray | CT Angiography | Color Doppler Ultra Sound
BMD | ECHO | EEG | TMT | ECG | Audiometry/Spirometry
सबसे विश्वसनीय रिपोर्ट्स , सबसे तेज जाँच
सबसे ज़्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरो द्वारा RECOMMENDED सेंटर
BHILAI: Shivnath Complex, Supela 910 9176 001
ANOTHER BRANCH
DURG: Om Parisar, Arya Nagar 834 9999 518
Dsigno
महावीर ज्वेलर्स
Life Care SCAN & RESEARCH PVT. LTD.
KISHAN VATIKA
MEGH GANGA GROUP
One Name Countless Trust
AVISH EDUCOM
Images DIAGNOSTICS
JAYDEEP GAS AGENCY
Van Akkam

## खबर संक्षेप

### संपत्ति कर पर 18 फीसदी अधिभार से जनता में आक्रोश : भोजराज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के महापौर द्वारा संपत्ति कर पर लगाए गए नए अधिभार से जनता में आक्रोष है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने इस फैसले को जनता पर सीधा आर्थिक हमला बताया है। उनका कहना है कि समय पर



संपत्ति कर जमा नहीं करने पर 18 प्रतिशत अतिरिक्त अधिभार और 1000 रुपये का पेनल चार्ज वसूलना न केवल अत्यधिक है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के 13 नगर निगमों में ही नहीं, बल्कि देशभर में ऐसा उदाहरण कहीं नहीं मिलता। भोजराज सिन्हा ने आरोप लगाया कि यह निर्णय भिलाई की आम जनता पर जानबूझकर बोझ डालने वाला है और इससे शहर सरकार की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि निगम का यह कदम जनविरोधी है और इसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने चेतावनी दी कि यदि यह अधिभार और पेनल चार्ज प्रणाली तुरंत रद्द या संशोधित नहीं की गई, तो जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी।

### फाइलों में अटका 43.05 लाख रुपए का प्रस्ताव

# आयुक्त ने कलेक्टर को दिया जवाब, नकटा तालाब से हट चुका कब्जा, मौके पर स्थिति जस की तस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नकटा तालाब में अवैध कब्जों का सिलसिला अब भी बरकरार है। नगर निगम द्वारा तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भी करीब 10 माह पहले भेजा गया था। इसका भी अब तक कोई अता पता नहीं।

नगर निगम भिलाई अंतर्गत जोन-2, वार्ड 22 कुरूद स्थित नकटा तालाब के आसपास लंबे समय से लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। निगर निगम के अनुसार इन अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई कर उसे हठाया गया था, लेकिन वर्तमान स्थिति कुछ और ही बयां कर रही है। मंदिर के पास अब भी अवैध कब्जा कर लोग निवासरत हैं। वहीं तालाब परिसर के आसपास भी कई लोगों ने अवैध निर्माण करते हुए कब्जा किए हुए है। ज्ञात हो कि आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने भी इसकी शिकायत कलेक्टर से कर चुके हैं।

#### सौंदर्यीकरण को लेकर कोई गंभीर नहीं



#### झुनझुना साबित हो रहा विकास कार्य का प्रस्ताव

जानकारी के अनुसार नगर निगम भिलाई के जोन-2 कार्यालय द्वारा विगत 24 फरवरी 2025 को नकटा तालाब के सौंदर्यीकरण और उन्नयन कार्य के लिए राज्य प्रवर्तित मद अंतर्गत 43.05 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर भेजा गया था। करीब 10 माह बीतने के बाद भी अब तक कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ और न ही अतिक्रमण हटाने कोई विशेष पहल की गई। नतीजतन कब्जाधारियों के हौसले बुलंद है व निर्माण कार्य जारी है। इस प्रकार 43.05 लाख रुपए का यह प्रस्ताव झूनझूना साबित हो रहा है। जबकि स्थानीय लोग लंबे समय से नकटा तालाब के सौंदर्यीकरण का मांग करते आ रहे हैं, ताकि तालाब परिसर और आसपास अवैध कब्जों पर रोक लगे।

#### तालाब में साफ-सफाई का अभाव बना कचरा डंपिंग सेंटर

घनी आबादी के कारण नकटा तालाब लोगों के निस्तारी का प्रमुख आवश्यकताओं में से एक है। इस तालाब में साफ सफाई की आवश्यकता है। लोगों का कहना है कि यहां नियमित सफाई नहीं की जाती। तालाब के पानी में चारों और पूजन सामग्री सहित कई अन्य वस्तुएं तैर रही है। लोगों ने बताया कि छठ पूजा के दौरान नगर निगम द्वारा इस तालाब की सफाई कराई गई थी। पूछे जाने पर लोगों ने बताया कि स्थानीय पार्षद को भी कई बार तालाब की साफ सफाई को लेकर अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई ठोस पहल अब तक नहीं की गई। वहीं दूसरी और तालाब किनारे ही अस्थाई रूप से कचरा डंप किया जा रहा है। जहां दिन भर मवेशी डेरा जमाए रहते है। ये ही कचरा फिर तालाब में जाकर पानी को दूषित कर रहा है। लोगों का कहना है कि न तो नगर निगम कोई ध्यान दे रहा है और न ही जनप्रतिनिधि साफ सफाई को लेकर गंभीर है।

#### की जाएगी बेदखली की कार्रवाई

पूर्व में अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई की गई थी। तालाब का निरीक्षण कर अवैध कब्जाधारियों पर बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। नकटा तालाब की सौंदर्यीकरण और उन्नयन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। अब तक कोई स्वीकृति नहीं मिली है।

**येशा लहरे,** आयुक्त जोन-2, नगर निगम भिलाई।

## आयुक्त ने देखी सड़क निर्माण की गुणवत्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क, नाला, साफ-सफाई सहित पेवर ब्लाक का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त द्वारा सुपेला कर्मा चौक से परदेशी चौक बघवा मंदिर तक निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क का निरीक्षण किया गया। सड़क निर्माण गुणवत्ता के साथ शीध्र पूर्ण कराने निर्देशित किये हैं। शकुंतला स्कूल से होते हुए वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए रामनगर क्षेत्र पहुंचे। रामनगर में पूर्व से नाला निर्मित है, बारिश के समय डूबान क्षेत्र होने के कारण पानी भर जाता है। उक्त नाला के दोनो किनारे बारिश से पूर्व दिवाल का निर्माण कराने निर्देशित किये है। आयुक्त ने मुक्तिधाम स्कूल परिसर में पूर्व से लगे पेवर ब्लाक का अवलोकन किये। स्कूल के मैदान में समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते रहते है, जिसके कारण पेवर ब्लाक बीच-बीच से उखड़ गया है। उक्त पेवर ब्लाक को व्यवस्थित कराने अभियंता को निर्देशित किये है। कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी साहनी उपस्थित रहे।

## संविदा कर्मियों की वेतन वृद्धि को लेकर प्रदर्शन करेंगे बिजली विभाग के कर्मचारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- विभागीय छूट बंद करने पर हंगामा
- होगी काम बंद हड़ताल भी
- धरना देकर सौंपा ज्ञापन

बिजली कंपनी में पुरानी पेंशन लागू करने और संविदा नियामितीकरण समेत 22 मांगो को लेकर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने अपना विरोध प्रकट कर मांग रखी है। अध्यक्ष धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि प्रबंधन सिर्फ आश्वासन मिलने पर 10 अक्टूबर को क्रमिक धरना महासंघ के पदाधिकारियों ने शुरू किया था। 17 अक्टूबर को प्रबंधन के पेंशन लागू, संविदा कर्मियों के वेतन वृद्धि को लेकर लिखित आश्वाशन के बाद बैठक स्थगित किया गया था। प्रबंधन के द्वारा फिर से वादा ख़िलाफ़ी किया गया साथ ही साथ कर्मचारियों और अधिकारियो को बिजली बिल में मिल रही 50 प्रतिशत छुट को भी बंद करके तानाशाही रवैया कंपनी अपना रहा है। जिसका पुरजोर विरोध किया जा रहा है। 15 दिसंबर सोमवार को एस आरबी खंडेलवाल के पास आमसभा करके अध्यक्ष पॉवर कंपनी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। महासंघ ने कहा कि जब तक आदेश प्राप्ति नहीं होगा तब तक विरोध चलता ही रहेगा। 30 दिसंबर तक किसी प्रकार के आदेश जारी नहीं की जाती है। 1 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक वर्क टू रूल कार्यक्रम के तहत विरोध प्रदर्शन, आगामी 11 फरवरी 2026 से कम बंद हड़ताल की सूचना प्रेषित की गई है। इस दौरान सभा को प्रमुख रूप से संरक्षक बीएस राजपुत, अध्यक्ष धर्मेंद्र श्रीवास्तव, प्रांतीय मंत्री देवीदीन शर्मा किशोरी चंद्राकर समेत अनय कर्मी मौजूद थे। संचालन सचिव शिवेंद्र दुबे ने किया।

## राज्य सीनियर वालीबॉल स्पर्धा, चयन आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट वालीबॉल एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर (पुरूष एवं महिला) वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 28 दिसंबर तक वालीबॉल कॉम्पलेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में किया गया है। प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा वालीबॉल ग्राउंड, पंत स्टेडियम सेक्टर-1 में 17 दिसंबर को शाम को 6:30 बजे से (दोनों वर्ग) टीम के गठन के लिए चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। संयंत्रकर्मी, संयंत्रकर्मियों के बच्चे तथा भिलाई परिधीय क्षेत्र के बेरोजगार युवा खिलाड़ी जो इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं, वे निम्न चयनकर्ताओं दीपक मित्रा डीपी सिंह और ख्वाज़ा अहमद के पास 17 दिसंबर को शाम 6 बजे तक अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक होंगे।






MARUTI SUZUKI ARENA

PRESENTING
VICTORIS
GOT IT ALL

मारूती की कार चौहान का वादा, ऑफर मिलेगा सबसे ज्यादा

Long Term Event Location
SUV Carnival, Adarsh Nagar
Durg. Ph. 79099 99315

INSURANCE FREE
Valid Till 31st Dec.



₹ Introductory Price 10.49 Lakh*

27.00* Km/Kg. CNG
28.65* Km/l Petrol

AVAILABLE IN: HYBRID | ALLGRIP | smart HYBRID | S-CNG

Deepak Advertisers



| Model | Price Hike | | Consumer Offer | | | Exchange Bonus | | | Old Car Price Reduction | Waiver Processing charges (Finance)* (F) | Total Additional Savings |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Ex Showroom (Highest selling variant) | Expected Price Hike(4%) | Dec'25 | Jan'26 | Reduction | Dec'25 | Jan'26 | Reduction | | | |
| Alto K10 | 4,77,400 | 20,000 | 35,000 | 10,000 | 25,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 40,000 | 2,600 | 92,600 |
| S-Presso | 4,79,900 | 20,000 | 25,000 | 10,000 | 15,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 90,000 | 2,600 | 1,32,600 |
| Celerio | 6,03,495 | 25,000 | 30,000 | 10,000 | 20,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 85,000 | 2,600 | 1,37,600 |
| WagonR | 5,28,618 | 20,000 | 35,000 | 10,000 | 25,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 50,000 | 2,600 | 1,02,600 |
| New Swift | 6,58,901 | 25,000 | 25,000 | 10,000 | 15,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 60,000 | 3,500 | 1,08,500 |
| Brezza | 9,20,780 | 35,000 | 10,000 | 0 | 10,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 1,10,000 | 3,500 | 1,63,500 |
| Ertiga | 9,85,579 | 40,000 | 0 | 0 | 0 | 10,000 | 0 | 10,000 | 90,000 | 3,500 | 1,43,500 |
| Eeco | 5,11,964 | 20,000 | 20,000 | 10,000 | 10,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 40,000 | 3,500 | 78,500 |
| New Dzire | 7,17,337 | 30,000 | 0 | 0 | 0 | 10,000 | 0 | 10,000 | 65,000 | 3,500 | 1,08,500 |
| Tour S | 6,87,197.73 | 30,000 | 0 | 0 | 0 | 15,000 | 0 | 15,000 | 50,000 | 3,500 | 98,500 |
| Victoris | 11,80,179 | 50,000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3,500 | 53,500 |

TOTAL BENEFITS UPTO ₹1,63,500/-*
*T&C APPLY

3 years 100 000 km WARRANTY* EXTENDABLE UPTO 6 YEARS

ARENA SAFETY SHIELD

CHOUHAN AUTOMOBILES LLP.
Authorised Dealer of Maruti Suzuki India Limited

भिलाई - दुर्ग राजनांदगांव बायपास, होटल इम्प्रीयन के पास. फोन- 7222910019, 7222910022, 7222910013, 7222910033, 7222910073
बेमेतरा - नवागढ़ चौक के पास, कवर्धा रोड़ फोन 7222910019, 7222910025, 7222910078
कवर्धा - ट्रासपोर्ट नगर, कृषि उपज मंडी के पास फोन 7222910019, 7222910044
पंडरिया - रहबा, कवर्धा रोड़, पंडरिया, फोन 7222910019, 7222910044
बालोद - झलमला चौक के पास, दुर्ग रोड़. फोन- 7222910019, 7222910029
दल्लीराजहरा -मेन रोड़, हीरो होड़ा शो रूम के पास फोन - 7222910019, 7222910029